व्यवसाय प्रशासन में स्नातक
(बी. बी. ए.)

सत्रीय कार्य
2026

जाँच सत्रीय कार्य की अवधि - 1st जनवरी 2026 से 30th दिसम्बर, 2026

द्वितीय सत्र

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली –**1100 68**

व्यवसाय प्रशासन में स्नातक

(बी. बी. ए.)

सत्रीय कार्य 2026

प्रिय छात्र/छात्राओं,

जैसा कि प्रोग्राम गाइड में बताया गया है, आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम में एक ट्यूटर मार्क्ड असाइनमेंट करना होगा । हम आपको BCOC-131, BCOC-133, ECO-07 और BRL-113 के सत्रीय कार्य एक साथ भेज रहें हैं ।

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30% अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इस सत्रीय कार्य को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

1. वे छात्र जो जून 2026 के सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं, उन्हें 15 मार्च 2026 तक जमा करवाना होगा।
2. वे छात्र जो दिसम्बर 2026 की सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं। वे 15 अक्टूबर 2026 तक जमा करवायें।

आपको सभी पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को प्रस्तुत करना होगा।

अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम का कोड	**:**	**बी. सी. ओ. सी. -131**
पाठ्यक्रम का शीर्षक	**:**	**वित्तीय लेखाकरण**
सत्रीय कार्य का कोड	**:**	**बी.सी.ओ.सी.-131/टी. एम. ए./2026**
खण्डों की संख्या	**:**	**सभी खण्ड**

अधिकतम अंक : 100

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड – क

(सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक के हैं)

1. पृथक लेखा पुस्तके रखे बिना संयुक्त उपक्रम व्यापार के लेन देनो को रिकॉर्ड करने की विभिन्न विधियों की संक्षेप में चर्चा कीजिए। (10)

2. लेखांकन के लाभ और सीमाओं की व्याख्या कीजिए। (10)

3. मूल्यह्रास की गणना करने की विधियाँ बताइए। नियत किश्त विधि के लाभ और हानि बताइए। (10)

4. आश्रित ब्रांच के लेखे की तीन प्रणालियों के नाम बताइये और यह भी बताइये की प्रत्येक प्रणाली के अंतर्गत लाभ कैसे ज्ञात किया जाता है। (10)

5. यह मानते हुए कि निलंबित खाता खोला जा चुका है, निम्न अशुद्धियों का शोधन कीजिए। (10)

1. एन्थनी एंड कम्पनी से क्रय लिए गए 8,000 रु. के मूल्य के माल की प्रविष्टि क्रय बही में नही किया गया।
2. श्री राय से प्राप्त 500 रु. की रकम को श्री रेय के खाते में क्रेडिट कर दिया गया।
3. गोपाल को किए गए 600 रु. के विक्रय को उसके खाते में 6,000 रु. से डेबिट कर दिया गया।
4. 1,000 रु. के वेतन भुगतान को गलती से मजदूरी खाते में डेबिट कर दिया गया।
5. ब्याज के रूप में प्राप्त 450 रु. को गलती से कमीशन खाते के क्रेडिट पक्ष में दिखाया गया।
6. क्रय वापसी बही (Returns Outword Book) का योग 560 रु. था जिसकी खतौनी लेजर में नहीं की गई।
7. राकेश को किए गए 250 रु. के उधार विक्रय को गलती से उसके खाते में क्रेडिट कर दिया गया।
8. मधु को किये गये 520 रु. के उधार विक्रय को उसके खाते में गलती से 250 रु. डेबिट कर दिया गया।
9. कैलाश से 400 रु. के उधार क्रय को उसके खाते में डेबिट कर दिया गया।
10. रोकड़ बही के प्रदत्त छूट कालम का योग गलती से 304 रु. के बजाय 403 रु. से आगे ले जाया गया।

खण्ड – ख

(सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक के हैं)

6. सामान्य हानि तथा असामान्य हानि में क्या अंतर है? उदाहरण देकर समझाइए। (6)

7. अवक्रय करार के अंतर्गत अवक्रेता के अधिकारों का वर्णन कीजिये। (6)

8. व्यावसायिक आय क्या है? आय की गणना करना क्यों आवश्यक है ? (6)

9. स्वामी ने 31 दिसंबर, 2018 को समाप्त हुए वर्ष में निम्नलिखित राशियों का आहरण किया | (6)

	रुपये
28 फरवरी	4,000
1 मई	6,000
31 अगस्त	5,000
1 नवंबर	2,000
1 दिसंबर	1,000

आहरण पर 6 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज की गणना कीजिए |

10. खुदरा रोकड़ बही रखने से क्या लाभ है? खुदरा रोकड़ बही का शेष निकालने तथा खतौनी करने की विधि बताइए| (6)

खण्ड – ग

(सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक के हैं)

11. कम्प्यूटरीकृत लेखाकरण की लाभ और सीमाएं क्या है? (5)

12. मैनुअल और कम्प्यूटरीकृत लेखाकरण प्रणाली के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए। (5)

13. पोस्ट डेटिड वाउचर क्या हैं? इनके उपयोगों की विवेचना कीजिए। (5)

14. "रिपोर्ट की तैयारी" पर संक्षिप्त नोट लिखें। (5)